**FIROZABAD POLICE**

*" सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा "*

## अपडेट दिनाँक 25-08-2025 हिस्ट्रीशीट अभियान जनपद फिरोजाबाद।

# जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर लगाम लगाने व कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत एसएसपी फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपराधियों पर कठोर कार्यवाही करते हुए कुल 03 अपराधियों की खोली गयी है हिस्ट्रीशीट।

**उ0प्र0 शासन की अपराधियों पर जीरों टॉलरेन्स की नीति के अन्तर्गत अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु विगत वर्षों में हत्या, हत्या के प्रयास, बलवा, मारपीट, चोरी, लूट, डकैती, पुलिस मुठभेड़, एनडीपीएस एक्ट, अपहरण, चौथ वसूली आदि श्रेणी के कुल 03 अपराधियों की नई एच0एस0 खोलकर कठोर कानूनी कार्यवाही की जा रही है।**

- **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर लगाम लगाने व कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत कुल 03 अपराधियों को चिन्हित कर एच0एस0 खोलकर कार्यवाही की गयी है।**
- **जनपद में कुल 03 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोल गयी है। जिसमें अपराधी नीरज गौतम उर्फ राहुल (एच.एस. 05बी) की गम्भीर श्रेणी में हिस्ट्रीशीट खोलते हुए स्थायी रुप से आजीवन निगरानी की जाएगी व 02 अन्य अपराधियों 1. प्रेमबाबू उर्फ भूरा, 2.विक्रम की लगातार सघन निगरानी स्थानीय पुलिस द्वारा की जाएगी।**
- **हिस्ट्रीशीटर(दुराचारी) को अपनी उपस्थिति के बारे में भी स्थानीय थाने पर इतला करनी होगी। दुराचारी के किसी भी पारिवारिक सदस्य एवं उसके रिश्तेदारों से भी उसके बारे में जानकारी की जाएगी।**
- **यदि दुराचारी अपने मूल निवास में परिवर्तन करता है तो उसे नए निवास स्थान पर रहने की जानकारी स्थानीय पुलिस को देनी होगी तथा अपने कारोबार की जानकारी स्थानीय पुलिस को देनी होगी। इस प्रकार से जनपद में 03 अपराधियों के ऊपर प्रभावी नियंत्रण रखने के दृष्टिगत उनके विरुद्ध हिस्ट्रीशीट खोलकर नियमित रुप से निगरानी करते हुए विधिक कार्यवाही की जाएगी।**
- **जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर लगातार की जा रही प्रभावी कार्यवाही।**

- समस्त राजपत्रित अधिकारी द्वारा अपने-अपने सर्किल के चिन्हित अपराधियों की नियमानुसार एच0एस0 खोलने की कार्यवाही की समीक्षा की जा रही है।

उ0प्र0 शासन की अपराधियों पर जीरों टॉलरेन्स की निति के अन्तर्गत अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु एसएसपी फिरोजाबाद के निर्देशन में विगत वर्षों में हत्या, हत्या के प्रयास, बलवा, मारपीट, चोरी, लूट, डकैती, पुलिस मुठभेड़, एनडीपीएस एक्ट, अपहरण, चौथ वसूली आदि श्रेणी के अपराधियों की एच0एस0 खोलने के आदेश-निर्देश दिये गये थे इसी क्रम में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर लगाम लगाने हेतु थाना रामगढ़ से 01, थाना खैरगढ़ से 01, थाना जसराना से 01 कुल 03 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलकर विधिक कार्यवाही की जा रही है। वहीं पुराने हिस्ट्रीशीटरों को चैक कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

**जनपद के 03 नये हिस्ट्रीशीटर अपराधियों का नाम व पता थानावार विवरण निम्नवत है:-**

1- नीरज गौतम उर्फ राहुल (एच.एस. 05बी) पुत्र अशोक कुमार निवासी नगला मिर्जा बड़ा, टावर के पास थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
2- प्रेमबाबू उर्फ भूरा (एच.एस. 34ए) पुत्र श्यामबाबू निवासी बबाइन थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
3- विक्रम (एच.एस. 211ए) पुत्र योगेश निवासी बड़ी भैंडी थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद।

फिरोजाबाद पुलिस जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कटिबद्ध है।